www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-312 सागवाड़ा, बुधवार, 3 अगस्त, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# शराब तस्कर ने डूंगरपुर में फ़िल्मी स्टाइल में 10 जगह तोड़ी पुलिस की नाकेबंदी

## सागवाड़ा थाने की जीप को भी मारी टक्कर, अरथूना में कार पलटने पर तस्कर आया पकड़ में

**डूंगरपुर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में एक शराब तस्कर द्वारा शराब से भरी एक फॉर्चूनर कार से फ़िल्मी स्टाइल में 10 जगहों पर नाकेबंदी तोड़ने का मामला सामने आया है। तस्कर ने अपनी कार से आसपुर दोवड़ा, वरदा, सागवाड़ा, चितरी थाना क्षेत्रो में नाकेबंदी तोड़ी वही सागवाडा में पुलिस की जीप को क्षतिग्रस्त करते हुए वरदा पुलिस पर कार चढाने का भी प्रयास किया। इधर इसके बाद बांसवाडा जिले के अरथुना थाना क्षेत्र में कार जाकर पलट गई। जिसके बाद अरथुना पुलिस ने कार को जब्त करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया।





डूंगरपुर जिले के आसपुर थाने के थानाधिकारी सवाईसिंह ने बताया की मुखबिर के जरिए सूचना मिली की एक कार से अवैध शराब की तस्करी हो रही है। इस पर सीआई सवाईसिंह के साथ पुलिस ने प्रताप सर्कल के सामने नाकाबंदी कर दी। मुखबिर के बताए अनुसार एक फॉर्चूनर कार आते हुए नजर आई, जिसे रुकने का इशारा किया तो नाकेबंदी तोड़कर भागने लगा। इसके बाद पुलिस फॉर्चूनर कार के पीछे लग गई। आगे पाड़वा के पास सागवाड़ा पुलिस की नाकेबंदी देखकर तस्कर कार को बनकोडा की और घुमा दी। इस दौरान कार चालक ने बनकोड़ा, पुनाली में भी पुलिस की नाकेबंदी तोड़ते हुए कार नोकना की ओर भागा। इसके बाद भी आसपुर पुलिस की टीम कार का पीछा करती रही। आगे से वरदा थानाधिकारी रामेंग पाटीदार पुलिस जाब्ता के साथ आ गए।

नोकना में नाकाबंदी तोड़ते हुए वरदा थाने की पुलिस जीप पर कार चढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन वे बच गए। इसके बाद तस्कर वरदा थाने के सामने फिर बेरिकेटिंग तोड़े। नंदोड के पास सागवाड़ा थाने के हेड कांस्टेबल बंशीलाल, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, वीरेंद्र ओर ड्राइवर जगदीश नाकाबंदी कर रहे थे। तस्कर ने पुलिस के बेरिकेटिंग तोड़ते हुए थाने की जीप को टक्कर मार दी, जिसमे जीप क्षतिग्रस्त हो गई।

वही नाकाबंदी में तैनात पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए। तस्कर नाकेबंदी से भागते हुए गलियाकोट मोड़ पर फिर नाकेबंदी तोड़कर भागा। चितरी थानाधिकारी गोविंदसिंह ने बताया की जोगपुर मोड़ ओर थाने के सामने लगाये बेरिकेटिंग और नाकाबंदी तोड़कर गलियाकोट से बांसवाड़ा के अरथूना की ओर भागने लगा। पीछे पीछे आसपुर, सागवाड़ा, चितरी थाना पुलिस तस्कर का पीछा करते रहे। अरथूना थानाधिकारी प्रवीणसिंह नाकेबंदी में तैनात रहे। पुलिस को देखकर तस्कर फिर कार को मुड़ाने लगा तो खेतो में कार उतर गई। इसके बाद पुलिस ने घेरा डालकर पकड़ लिया। कार में लाखो की अंग्रेजी शराब भरी हुई थी। वही कार चला रहे शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। अरथूना थाना पुलिस अब शराब तस्कर से पूछताछ कर रही है।

# लुटेरी दुल्हन से शादी कराने व भगाने में संलिप्त एजेंट गिरफ्तार, दो वर्ष से था फरार

**सागवाड़ा।** निकटवर्ती जोधपुरा गाँव में शादी के बाद पैसे लेकर फरार एक लुटेरी दुल्हन को शादी कराने व भगाने वाले 2 वर्ष से फरार एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी प्रकाशचन्द्र भट्ट पिता रमेशचन्द्र भट्ट निवासी जोधपुरा ने रिपोर्ट दी थी कि जुलाई 2020 मे भिलुडा निवासी एजेंट परेश पिता अशोक जैन ने रीना ठाकुर पत्नी पप्पु ठाकुर निवासी दिक्षितपुरा, बलदेव बाग जबलपुर मध्य प्रदेश के साथ प्रकाश भट्ट ने शादि करवा दी थी । शादि कराने के एवज मे एजेंट परेश पिता अशोक जैन निवासी भिलुडा व लुटेरी दुल्हन रीना ने प्रार्थी से 5 लाख रूपये लिये। रीना शादि के बाद 7 दिन तक जोधपुरा रहने के बाद अपने पति को साथ लेकर जबलपुर गई जो रास्ते में दुसरे लोगों को बुला कर पति प्रकाश के साथ मारपीट कर उसको वापस भेज दिया व खुद एजेंट परेश व रीना के बुलाये लोगो के साथ जबलपुर भाग गई। इसके बाद परेश व रीना ने मोबाईल नंबर बदल दिये व प्रार्थी के पैसे नही लौटाये । पुलिस ने इस मामले को लेकर प्रकरण दर्ज कर अनुसन्धान किया एवं प्रकरण में आवश्यक साक्ष्य संकलन किए। थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में भुपेन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंह व सागर की टीम ने मुल्जिम की सरगर्मी से तलाश शुरू की एवं मुखबिरों से सम्पर्क किया । पतेरसी के दौरान पूर्व मे टीम द्वारा जबलपुर मध्य प्रदेश से लुटेरी दुल्हन रीना ठाकुर उर्फ सीता चौधरी उर्फ काजल चौधरी पत्नि पप्पू ठाकुर उम्र 32 वर्ष निवासी चेरीताल विद्यालय के पास दिक्षीतपुरा, बलदेव बाग जबलपुर हाल आकाश बर्मन के किराये के मकान में मकान नंबर 52 , गली नंबर 02 , काली मंदिर के पास राजीव गांधी नगर पुलिस थाना माडोताल जबलपुर पिता का नाम मुन्ना चोधरी जाति हरिजन ( रैदास ) निवासी बजरंग टायर के पीछे क्षेत्रिय बस स्टेण्ड के पास , इंदिरा गांधी वार्ड कच्ची बस्ती कटनी पुलिस थाना कटनी जिला कटनी मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया था। मगर दुल्हन भाग जाने के अगले दिन से शादि कराने वाला एजेन्ट परेश शाह पिता अशोक शाह निवासी भीलुडा जो विगत 2 वर्ष से फरार हो गया जो वेश बदल कर गुजरात मे जैन मंदीर मे पुजारी बन कर पुजा कर रहा था जिसे टीम द्वारा 3 अगस्त को मुखबीर की सुचना पर गिरफ्तार किया। परेश ने जोधपुरा, घोटाद व गोवाड़ी में इस तरह की घटनाएं करना स्वीकार किया।

## सीमलवाडा में पुलिस सुस्त चोर चुस्त, डाकघर के तोड़े ताले, नगदी नहीं होने से खाली हाथ ली लौटे चोर

**सीमलवाड़ा ।** डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के सीमलवाडा कस्बे में मंगलवार रात चोरो ने डाकघर को अपना निशाना बनाया । चोर डाकघर के ताले तोड़कर अंदर घुसे और अलमारियो में रखी फ़ाइले व जरुरी दस्तावेज अस्त व्यस्त कर दिए । इधर डाकघर में नगदी नहीं होने की वजह से चोरो को खाली हाथ ही लौटना पड़ा । हालाकि चोर जाते-जाते एक सरकारी मोबाइल चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र का सीमलवाडा कस्बा पुलिस की सुस्ती के वजह से चोरो को काफी रास आ रहा है । कस्बे में आये दिन चोर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है । लेकिन धम्बोला थाना पुलिस ने इन वारदातों को रोकने में नाकाम साबित हो रही है ।

मंगलवार रात चोरो ने सीमलवाडा कस्बे में डाकघर को अपना निशाना बनाया । अनु डाकपाल धीरज सिंह जब सुबह डाकघर खोलने पहुंचे तो डाकघर के गेट का ताला टुटा हुआ देखकर होश उड़ गए ।

## कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने भंडरिया में गौशाला का किया निरीक्षण

**डूंगरपुर ।** प्रदेश में गायो में फ़ैल रहे लम्पी वायरस के संक्रमण को लेकर डूंगरपुर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड़ पर है। डूंगरपुर जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने आज एडीएम के साथ भंडारिया स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ यादव ने गौशाला में गायो के लिए चारे-पानी व दवाओ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया वही गायो को बीमारियों से बचाव को लेकर निर्देश दिए। डूंगरपुर जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव एडीएम हेमेन्द्र नागर के साथ शहर के पास भंडारिया में स्थित गौशाला पहुंचे। इस दौरान कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने गायों के हाल देखे और उनके चारे- पानी के बारे में जानकारी ली। वही गायों को बीमारियों से बचाव को लेकर भी निर्देश दिए।

**चारे-पानी व दवाओं की व्यवस्थाओं की ली जानकारी**

इस मौके पर गौशाला के संचालक हेमन्त मेहता, रोशन दोशी ने बताया कि गौशाला में गायो को पोष्टिक चारा दिया जाता है। पंजाब से साईलीज व बीकानेर से चारे के लड्डु मंगवाकर गायों को खिलाया जा रहा है। कलक्टर डॉ. यादव ने गायो के बीमार होने पर इलाज कराने एवं दवाईयां के बारे में जानकारी ली। इस पर हेमन्त मेहता एवं रोशन दोशी ने बताया कि मेडिकल की सुविधा दवाईयां लाकर उपलब्ध कराई जा रही है। इलाज के लिये 2 घंटे के लिये पशु चिकित्सक की सेवा ली जा रही है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर द्वारा रोजाना पशुओं को देखा जाता है। किसी भी तरह के लक्षण पाये जाने पर उसे दूसरे कमरे में रखा जाता है, जहां चारा पानी के साथ दवाईयां देते हुए इलाज किया जाता है। कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने मृत पशुओं को रखे जाने वाले स्थल को देखा ओर जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने गौशाळा संचालको को मृत पशुओ को खुले में नहीं डालकर गड्ढा खोदकर उसमे निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार संजय चरपोटा, गिरदावर दिनेश पंचाल एवं गौरक्ष मौजूद रहे।

## सरोदा में नवक्रमोन्नत पुलिस थाना व महात्मा गांधी विद्यालय का शुभारम्भ

**सरोदा।** स्थानीय ग्राम पंचायत सरोदा में नव क्रमोन्नत पुलिस थाना तथा महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का शुभारंभ कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया के मुख्य अतिथि, पुलिस अधीक्षक जिला डूंगरपुर राशि डोंगरा की अध्यक्षता में तथा विधायक रामप्रसाद डिंडोर के अति विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। गोपालचौक स्थित राजकीय महात्मा गाँधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सरस्वती मंदिर में पूजन किया गया व साथ ही फीता काट शुभारम्भ किया गया। वही मुख्य सभास्थल व पुलिस थाना क्षेत्र में पूजन किया गया तथा फीता काट कर शुभारंभ की रस्म आदायगी की गई।

जिला पुलिस अधीक्षक राशी डोगरा ने बताया कि थाना क्षेत्र की जनता की सेवा तथा अपराधियों पर अंकुश लगाने का कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश, पुलिस उपाधीक्षक नरपत सिंह, बीडीओ मूलाराम सौलंकी, जिपस राजेन्द्र परमार, सरपंच रूपलाल, जयंतीलाल, लीला देवी, बबली परमार, अमरजी , कमल प्रकाश, दिनेश परमार, राजेन्द्र परमार विनोद मकवाणा, कपिल सुथार, चिमनलाल पटेल, रणजीत सिंह, पेमचन्द सुथार, नरेंद्र जैन, धनपाल जैन, भारतेन्दु व्यास, पंकज जोशी, अजित सिंह राव, महिपाल सिंह सहित थाना क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम संचालन उपसरपंच प्रवीण पण्डया ने किया व आभार व्यक्त किशोर उपाध्याय ने किया।

# राजस्थान में किसानों की नहीं हो रही सुनवाई, बैठक में जताया रोष

**डूंगरपुर।** जिले में सागवाड़ा उपखण्ड के क्षेत्रपाल जी मंदिर खड़गदा में बुधवार को भारतीय किसान संघ की जिलास्तरीय बैठक आयोजित हुई। महामंत्री लल्लु राम बिजुला ने बताया बैठक में किसानों की समस्या को लेकर चर्चा की गई। किसान नेताओ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की डूंगरपुर में किसान परेशान हैं लेकिन उनकी सूध कोई नहीं ले रहा है। किसान अपनी समस्या ले कर किसके पास जाए। बार बार जिला कलेक्टर साहब के पास भटक रहा है लेकिन राजस्थान सरकार किसानों की कोई नही सुन रहा। किसनों ने बताया की किसान संघ ने फसल बीमा कंपनी ने किसानों के साथ धोखाधड़ी की, किसानों को खाद नही मिल रहा है इन समस्या को लेकर कर पिछले 8 माह से राज्य सरकार से बार बार शिकायत कर रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों की फसल 55 से 60% खराब हो पर भी फसल बीमा कंपनी करोड़ो मुनाफा कमा रही है व किसान बस अभी तक अपनी फसल के बीमा क्लेम राशि के लिए इंतजार ही कर रहा है । खरीफ फसल



2021 में राजस्थान सरकार की सर्वे में डूंगरपुर जिले में किसानों की फसल का 55 त्न नुकसान का आकलन किया गया है जो आज भी सरकारी रिकार्ड में है लेकिन उसके बावजूत भी बीमा कम्पनी राजस्व व कृषि विभाग के द्वारा किये गए खराबा सर्वे को आधार नही मान कर अपनी मर्जी से 6 % किसानों की फसल का खराबा बताकर बीमा क्लेम जारी करती हैं। चुनाव के समय राजनेता किसानों के साथ छलावा करके बड़े बड़े वादे करते हैं लेकिन जब किसानों के वादे पूरे करने की बात आती है तब बार बार ज्ञापन देने पर भी कोई सुनने के लिए तैयार नही है। बैठक मेंजिला अध्यक्ष मोगजी भासोर, संभाग प्रतिनिधि देवेंग जेठाना, प्रान्त प्रतिनिधि नाथजी वडलिया, लल्लु राम बिजुला, लाल शंकर, गौरीशंकर पाटीदार गलियाकोट अध्यक्ष गोविन्द राम , सागवाड़ा अध्यक्ष रतन भाई मौजूद थे।

# रात्रि में राहगीरों से मारपीट व लूटपाट करने वाली गैंग का खुलासा

## बिछीवाडा पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, दो बाल अपचारी किये डिटेन

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाना पुलिस ने रात्रि में हाइवे पर राहगीरों से मारपीट व लूटपाट करने वाली गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है वही दो बाल अपचारी को डिटेन किया है। पुलिस ने आरोपियों से लूटी गई बाइक, नगदी व मोबाइल को भी बरामद किया है। आरोपियों ने क्षेत्र में चार वारदातों को करना कबूल किया है।

डूंगरपुर जिले की बिछीवाडा थाने ने थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की नवलश्याम निवासी व्यापारी उज्ज्वल कुमार पिता सुरेश कुमार ने 18 जुलाई को एक रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में उज्ज्वल कुमार ने बताया था की 17 जुलाई की रात को वह बिछीवाडा में अपनी दूकान को बंद करके बाइक पर अपने गाँव नवलश्याम लौट रहा था। इस दौरान बालदिया गाँव के पास अज्ञात युवक बाइक लेकर आये और उसकी बाइक को रुकवा ली। वही उससे मारपीट करने के बाद 40 हजार की नगदी व मोबाइल लूट कर फरार हो गए। थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। वही थाने की एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने अपनी जांच शुरू की इस दौरान बीती रात को कनबई से हाइवे पर आने वाले मार्ग पर एक ब्रिज के नीचे 3 युवक दिखाई दिए। जिस पर पुलिस ने उन 3 युवको को डिटेन किया और थाने लेकर आई। पुलिस ने युवको से पूछताछ की तो युवको ने रात्री के समय में राहगीरों से मारपीट व लूटपाट की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया। जिसमे 17 जुलाई को बालदिया वाली लूट की वारदात को करना भी कबूल किया। जिस पर पुलिस ने उदयपुर जिले के सरेरा फला निवासी संजय पिता बाबूलाल अहारी को गिरफ्तार किया। वही उसके दो साथी बाल अपचारियो को डिटेन किया।

### ये वारदाते करना भी कबूला

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने 18 जून को शिशोद पुलिया के पास एक बाइक सवार से एक बेग, पर्स, मोबाइल व 10 हजार की राशी लूटी थी। वही 19 जून को सेरावाडा पुलिए के पास बाइक सवार दो युवको से एक बाइक, 5 हजार की नगदी व मोबाइल लूटा था। इधर इसके बाद 21 जून को मोदर नदी पुलिया पर बाइक सवार से मोबाईल, चांदी की चेन व। हजार की नगदी लूटने की वारदात को अंजाम दिया। वही 17 जुलाई को बोखला रिजवा घाटी में बाइक सवार से मोबाइल व राशी लूटी थी।

### मौज शोक पूरा करने के लिए बन गए लूटेरे

पुलिस ने पूछताछ में ये भी पता चला की छोटी छोटी उम्र में अपने शोक व मौज को पूरा करने के लिए ये लूटेरे बन गए है। थानाधिकारी ने बताया की पकडे गए बदमाश मोबाइल का खर्च, बाइक के लिए पेट्रोल का खर्च, शराब व अन्य शोक पूरा करने के लिए अपने घरो से योजना बनाकर निकलते थे और हाइवे पर आकर सुनसान रास्तो पर अकेले बाइक सवारों को अपना निशाना बनाते थे।

# दो बाइक आमने-सामने टकराई, हादसे में एक बाइक सवार की हुई मौत, अन्य बाइक सवार हुआ गंभीर घायल

**सीमलवाडा ।** डूंगरपुर जिले के कुआ थाना क्षेत्र के चिखली-बडगामा मार्ग पर गुलाबपुरा स्कूल के पास आमने-सामने दो बाइक टकरा गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक सवार का चिखली में प्राथमिक उपचार के बाद सागवाडा रेफर किया गया है। वही पुलिस ने मृतक का शव मोर्चरी में रखवाया है। डूंगरपुर जिले के कुआ थाने के थानाधिकारी गोपाल नाथ ने बताया की कुंडेला निवासी 19 वर्षीय नरेश पिता सुखलाल सेंगाड़ा अपने गाँव कुंडेला से चिखली बाइक पर किसी काम से जा रहा था। वही बडगामा निवासी 25 अर्पित पिता रामलाल भमात चिखली से बाइक पर अपने गाँव बडगामा लौट रहा था। इस दौरान चीखली-बडग़ामा मार्ग पर गुलाबपुरा स्कूल के पास दोनों की बाइक आमने-सामने टकरा गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। वही हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने घटना की जानकारी कुआ थाने के चिखली पुलिस चौकी को दी। सुचना पर चिखली पुलिस चौकी से कांस्टेबल विनोद कुमार मौके पर पहुंचा और लोगो की मदद से दोनों घायलों को चिखली अस्पताल पहुँचाया गया। इस दौरान डॉक्टर ने जांच के दौरान कुंडेला निवासी 19 वर्षीय नरेश पिता सुखलाल सेंगाड़ा को मृत घोषित कर दिया। वही गंभीर घायल बडगामा निवासी 25 अर्पित पिता रामलाल भमात को प्राथमिक उपचार के बाद सागवाडा रेफर किया गया।

## विश्व आदिवासी दिवस पर शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**सीमलवाड़ा ।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष पर क्षेत्र में शराब की दुकानें बंद रखने की मांग की है। आदिवासी परिवार के जन प्रतिनिधियों एवं समाज सेवियों ने सीमलवाड़ा एसडीएम महेश गगोरिया को ज्ञापन सौंपा है। जिसमे 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर क्षेत्र में शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। गणेश लाल अहारी, कमलेश डेंडोर, राजेंद्र दामा, रमण लाल डामोर, रमेश चंद, छगन लाल, रविंद्र, हीरालाल, जीवा, प्रभु सहित समाज जन मौजूद रहे।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता कर रहे घर - घर सर्वे

डूंगरपुर ।बारिश के मौसम के चलते मौसमी बीमारियों की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक गतिविधियां तेज करते हुए आमजन से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और मच्छरों को पनपने न दें। इन दिनों डेंगू व मलेरिया चपेट में ले सकता है, लिहाजा एहतियात बरतें और नियमित रूप से साफ-सफाई करें ताकि बीमारियों को रोका जा सके। बदलते मौसम के चलते कूलर-एसी का प्रयोग कम से कम करें। इस संबंध में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर भी आवश्यक गतिविधियां की जा रही हैं। सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मौसम बदलने के साथ ही मौसमी बीमारियों के बढने का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में हमारा यह प्रयास रहना चाहिए कि दिन व रात में कूलर व एसी का उपयोग कम से कम करें। उन्हें केवल पंखा चलाए। मच्छरजनित बीमारियों यथा डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए हमें सतर्क व सजग रहना बेहद जरूरी है।

**दो बच्चो के सिर से उठा पिता का साया**

उन्होने यह भी बताया कि बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी मच्छरों को पनपने से रोकना है इसलिए हमें अपने घर के आस-पास नियमित रूप से साफ-सफाई करें व बोतल आदि में लगे पौधों में भी लार्वा पैदा हो जाते हैं।